# शिक्षा के साथ संस्कार भी जरुरी : ओंकारसिंह लखावत

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकारसिंह लखावत ने कहा कि आज के युग में शिक्षा के साथ संस्कार बेहद जरुरी है। वे शनिवार को जालोर में चारण समाज छात्रावास में आयोजित करणी माता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि शिक्षा हमारे व्यक्तित्व का सम्पूर्ण विकास करती है। उन्होंने बालिका शिक्षा को बढावा देने व उन्हें उचित मंच प्रदान करने की बात कही। साथ ही उन्होंने हमारी परम्पराओं व रीति रिवाजों को सहेजने की भी बात कही। इस अवसर पर राजस्थान सरकार के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि जिले में प्रतिभाओं को कोई कमी नहीं है, ऐसे में उन्हें प्रोत्साहित करना समाज की जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने कहा कि आज की ये प्रतिभाएं आगे जाकर समाज सेवा करेगी। इस अवसर पर प्रतिभाओं को संबोधित करते हुए रानीवाडा के पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल ने प्रतिभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि ये आप अपनी प्रतिभा का उपयोग देशहित में करे ताकि हमारे राज्य व देश का नाम रोशन हो सके। आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित प्रतिभावान विद्यार्थियों को ईमानदारी के साथ में मेहनत करने की सीख दी।



जालोर के चारण समाज छात्रावास में आयोजित करणी माता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रतिभाओं का सम्मान राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकारसिंह लाखावत ने किया। फोटो-राष्ट्रदूत

चारण समाज जालोर के जिलाध्यक्ष बर्द्रीदान नरपुरा के सभी का आभार जताया।

इस अवसर पर हिंगलाजदान चारण, महीपाल सिंह दयालपुरा, भेरूसिंह फैदाणी, आवडदान धूलिया, नारायणसिंह मिंडावास, मनोहरसिंह जाजूसन ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा जालोर के पूर्व जिलाध्यक्ष रवीन्द्रसिंह बालावत, श्रवणसिंह राव, दीपसिंह धनानी, राजसमंद भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मानसिंह बारहठ्ठ, पूर्व जिला प्रमुख बन्नेसिंह गोहिल, जिला वन संरक्षक जयदेवसिंह, बागोडा उपखंड अधिकारी हीरसिह चारण, आहोर तहसीलदार मोहित आशिया अतिथि के नाते उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जालोर जिले की प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## महिलाओं के लिए कम्प्यूटर कोर्स शुरू

**रामदेवरा**, (कासं)। रामदेवरा कस्बे में एक कम्प्यूटर एज्यूकेशन सेंटर में राजस्थान सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना के तहत महिलाओं व बालिकाओं के लिए निःशुल्क आरएससीआईटी कम्प्यूटर कोर्स का शुभारंभ मुख्य अतिथि लता शर्मा ने किया।

लता शर्मा ने कहा कि आधुनिक युग में कम्प्यूटर का ज्ञान होना बहुत आवश्यक हैं तथा कम्प्यूटर जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। राज्य सरकार द्वारा इस निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण का लाभ आमजन विशेषकर महिलाओं को उठाना चाहिए। इस योजना के बारे मे लता शर्मा ने जानकारी दी। कम्प्यूटर सेंटर के निदेशक पन्नालाल चौधरी ने बताया कि राजस्थान सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना के अंतर्गत महिलाओं के लिए निःशुल्क कोर्स के लिए 17 छात्राओं का संस्थान मे चयन हुआ हैं। योजना में चयनित छात्राओं को निःशुल्क आरएससीआईटी कम्प्यूटर कोर्स करवाया जाएगा। विशेषकर छात्राएं कम्प्यूटर सीखकर समय का सदुपयोग कर रही हैं।

साथ ही पूर्व में अध्ययनरत 12 छात्राओ को प्रमाण-पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।

# मजदूरों को नशामुक्ति व सेवा का संकल्प दिलाया




रानीवाड़ा में महानरेगा मजदूरों के बीच ग्लूकोज डी पैकेट बांटे व गोष्ठी आर्योजित की। फोटो-राष्ट्रदूत

**रानीवाड़ा**, (नि.सं.)। रानीवाड़ा में समाज सेवा की दिशा में एक उल्लेखनीय पहल की गई, जिसमें शिव सांई सेवा समिति के तत्वावधान में महानरेगा मजदूरों के बीच ग्लूकोज डी पैकेट वितरित किए गए। तपती धूप में कठिन श्रम करने वाले मजदूरों की थकान और कमजोरी को दूर करने के लिए इस अभियान को भामाशाह सेठ आकाश कुमार अमीचंद रुपचंद जैन के सहयोग से संचालित किया गया।

इस अवसर पर नशामुक्ति संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें मजदूरों और महिलाओं को तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों से होने वाले नुकसानों के बारे में जागरूक किया गया। समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार खंडेलवाल ने कहा कि पहले मेहमानों का स्वागत दूध, दही, शरबत और जीवनदायी पदार्थों से किया जाता था, लेकिन आज सिगरेट और तंबाकू रूपी विष को आदर-सूचक बना लिया गया है, जो समाज के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है।

महानरेगा के मेट दिनेश कुमार राणा ने नशे के दुष्प्रभावों और इससे बचने के उपायों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थ अनजाने में आनंद की अनुभूति देते हैं, लेकिन दीर्घकालिक रूप से व्यक्ति और समाज को बर्बादी की ओर धकेलते हैं। संगोष्ठी में मजदूरों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए नशे से बचाव के उपाय साझा किए और इस अभियान की सराहना की।

कार्यक्रम में केवाराम, करनाराम, हंसराम, बगदाराम, आसूराम, रुपीदेवी, सुआदेवी, वरजूदेवी, मेथी देवी, उगम देवी, वर्षा देवी, ललीता, जमना देवी, जसू, शारदा, दीवा देवी, मंजू, जोशना, पारुदेवी सहित कई मजदूरों और महिलाओं ने अपनी सहभागिता दर्ज की और नशा उन्मूलन में अपना योगदान देने का संकल्प लिया।

# श्रीमाली ब्राह्मण समाज का बटुक संस्कार कार्यक्रम हुआ



श्रीमाली ब्राह्मण समाज की ओर से पाली शहर में पहली बार विभिन्न जगह से आए 40 बच्चों को बटुक बनाकर विद्वान पंडितों ने हवन आदि कराकर यज्ञोपवीत संस्कार करवाया। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। श्रीमाली ब्राह्मण समाज की ओर से पाली शहर में पहली बार विभिन्न जगह से आए 40 बच्चों को सामूहिक रूप से वैदिक संस्कृति द्वारा मुंडन संस्कार कर बटुक बनाकर विद्वान पंडितों द्वारा हवन आदि कराकर यज्ञोपवीत संस्कार दिलवाया।

दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत श्रीमाली समाज की सैकड़ों लोग एकत्रित हुए। श्रीमाली समाज विकास समिति के तत्वावधान में गरबा मंडल, महिला मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में माली समाज भवन में अलग-अलग यज्ञ वेदी बनाई गई। जिसमें बच्चों को के माता-पिता ने नवग्रह देवता अन्य देवी देवता का मंत्रोच्चार के द्वारा पूजन किया और यज्ञ में स्वाहा ध्वनि के साथ आहुतियां दी। हवन के अंतिम चरण में नारियल की आहुति के पश्चात बटुकों को यज्ञ पवित्र धारण करवाई। बटुकों को यज्ञोपवीत के नियम आचार्य ने जानकारी दी।

संत अवधेश चैतन्य धारी ब्रह्मचारी सूरजकुंड, स्वामी हितेश आनंद सरस्वती, गीता भवन के स्वामी प्रेमानंद महाराज ने आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर महिलाओं ने मंगल गीत गाए। यज्ञ पवित्र संस्कार के बाद प्रतीकात्मक रूप के बटुक काशी यात्रा पर गए, जहां पहले से उनकी खोज में गए खड़े उनके मामा द्वारा नए वस्त्र पहन कर वापस घर की ओर लाए। इस अवसर पर बटूकों का सम्मान कार्यक्रम भी हुआ। श्रीमाली समाज के अध्यक्ष एडवोकेट पी एम जोशी, कार्यक्रम संयोजक नरपत दवे के नेतृत्व में बटूकों की शोभायात्रा निकाली, जो गांधी मूर्ति भेंरू घाट, पिंजौर का पास सोमनाथ मंदिर, धोला चौतरा, सूरजपाल अंबेडकर सर्किल गांधी मूर्ति होते हुए महालक्ष्मी मंदिर पहुंच कर संपन्न हुई। शोभा यात्रा का रास्ते में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।


## मांडोली में प्रतिष्ठा महोत्सव आज

**जालोर**, (का.सं.)। जालोर के निकट मांडोली नगर स्थित माँ ब्राहमणी माता एवं महादेव काशी विश्वनाथ के नवनिर्मित मंदिर मूर्ति स्थापना प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 4 मई को आयोजित होगा। प्रतिष्ठा महोत्सव में राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट भी शिरकत करेंगे।

स्व. कलाजी पुत्र धुडाजी नोंगू परिवार एवं समस्त नोंगू परिवार माण्डोली नगर में मां ब्राहमणी माता एवं महादेव काशी विश्वनाथ मंदिर की प्रतिष्ठा महोत्सव में पीर गंगानाथ महाराज भैरुनाथ अखाडा जालोर, रणछोड भारती महाराज पीपलेश्वर महादेव मठ लेटा, तीर्थगिरी महाराज मल्लेश्वर महादेव मंदिर मण्डवारिया सिरोही, कनीरामदास महाराज वडवाला मंदिर दुधरेज धाम गुजरात, जयरामगिरी महाराज शिवधाम श्रीवालीनाथ अखाडा तरभ गुजरात, देवाभारती महाराज थूर मठ , पारसाराम महाराज जेतेश्वर धाम मठ भलखाडी सिणधारी, राजभारती महाराज धुम्बडा माताजी धुम्बडा, रतनभारती महाराज आपेश्वर महादेव मंदिर सेवाडिया मठ रानीवाडा व रामपुरी महाराज रामदेव मंदिर मठ नून का सानिध्य रहेगाा। वही राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट भी शिरकत करेंगे। समारोह के आचार्य शास्त्री गिरीश कुमार अमृतलाल जोशी इंडर गुजरात व कर्माचार्य भरत भाई भटट बडोली गुजरात रहेंगे। वही प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर शनिवार रात्रि को भजन का आयोजन किया गया। भजन संध्या में भजन गायक जोगभारती व गमन सांथल गुजरात ने भजनो की स्वर लहरियों से श्रोताओं को झुमने पर मजबूर कर दिया। रविवार को प्रतिष्ठा महोत्सव में फले चुंदडी का आयोजन किया जायेगा।

प्रतिष्ठा समारोह में शंकरलाल , रतन देवासी, भरत , यशपाल, दिव्यांश, जयदेव समस्त भक्तजन मौजूद रहेंगें।

# श्रीयाद मंदिर की वर्षगांठ पर शोभायात्रा निकाली



पाली में श्रीयादे माता मंदिर सूरजपोल की तृतीय वर्षगांठ पर प्रजापत समाज ने शोभायात्रा निकाली। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। श्रीयादे माता मंदिर सूरजपोल की तृतीय वर्षगांठ पर शनिवार सुबह प्रजापत समाज की ओर से बैंड बाजा के साथ शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा में घोड़े, ऊंट बग्गियों में दानदाता व करीब आधा दर्जन से ज्यादा झांकियां, गाचा घोड़ी आकर्षण का केंद्र रही। झांकियां में राधा कृष्ण शिव पार्वती, राम दरबार, नरसिंह भगवान आदि बच्चों की झांकियां थी। वहीं समाज की महिलाएं मंगल गीत गाती हुई चल रही थी। कुछ महिलाएं सिर पर मंगल कलश लिए चल रही थी। शोभायात्रा यहां से रवाना होकर सूरजपोल, अंबेडकर सर्किल नहर रोड होते हुए शिवाजी सर्किल इंदिरा कॉलोनी स्थित प्रजापत समाज छात्रावास भवन पहुंच कर समाप्त हुई।

समाज की बोलियां के बाद महाप्रसादी का आयोजन हुआ। पूर्व संध्या पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। प्रजापत समाज अध्यक्ष भंवरलाल चंदवाड़िया ने बताया कि भजन संध्या में वर्ष 2026 वर्षगांठ के अवसर पर होने वाले प्रथम सामूहिक विवाह की बोलियां लगाई गई। जिसमे बोलियां लगाने वाले सभी बोलीदाताओं का सम्मान किया गया।

कोषाध्यक्ष फतेहराज नगरिया ने बताया कि आज माता श्रीयादे के वर्षगांठ पर भव्य शोभायात्रा निकाली।

इस अवसर पर इंद्र कुमार, कैलाश चंदवाड़िया, गणपत लाल कपुररा, चम्पालाल, प्रेम कुमार, दिनेश वरादना, मुकेश बी हाटवा, राजूराम, भेराराम, अनंताराम, सोहनलाल, बाबूलाल हाटवा, सोनाराम सहित सभी कार्यकर्ता का सहयोग रहा।

## नीट परीक्षा आज, कैमरों से होगी निगरानी

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। बाड़मेर जिला मुख्यालय पर रविवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित होने वाली नीट परीक्षा 2025 के लिए समुचित तैयारियां कर ली गई है। बाड़मेर में नीट परीक्षा में 7 परीक्षा केंद्रों पर 2973 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

जिला कलक्टर टीना डाबी ने बताया कि नीट परीक्षा आयोजन करवाने के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेन्द्रसिंह चांदावत को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा बाड़मेर उपखंड अधिकारी वीरमाराम, गुड़ामालानी उपखंड अधिकारी केशव कुमार मीणा, धोरीमना उपखंड अधिकारी भागीरथराम विश्नोई, शिव उपखंड अधिकारी यक्ष चौधरी, बाड़मेर ठाामीण तहसीलदार रामलाल, चौहटन तहसीलदार रमेश कुमार, बाटाडू तहसीलदार डालूराम को मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इस परीक्षा के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय जालीपा कैंट के प्रिंसिपल किशनाराम को सिटी कॉर्डिनेटर नियुक्त किया है।

उन्होंने बताया कि सीसीटीवी कैमरे और परीक्षार्थियों के लिए समुचित इंतजाम सुनिश्चित किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों का शनिवार को प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने जायजा लिया। नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेन्द्रसिंह चांदावत ने बताया कि प्रत्येक परीक्षार्थी की बायोमेट्रिक जांच के बाद ही प्रवेश दिया जाएगा।

## पुरस्कार योजना के लिए आवदेन प्रक्रिया शुरू

**बालोतरा**, (नि.सं.)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की एकल द्विपुत्री योग्यता पुरस्कार योजना के लिए आवदेन प्रक्रिया शुरू हो गई है।

जिला शिक्षा अधिकारी कमलेश मीणा ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा 2024 में उच्च अंक प्राप्त करने वाली बेटियां इस पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकती हैं। योजना अनुसार आवेदन 31 मई तक स्वीकार किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर की परीक्षा 2024 में प्रतिभाशाली रहीं बालिकाओं को राज्य सरकार की ओर से प्रोत्साहित किया जाएगा।

# मीडियाकर्मियों के दायित्वों व जवाबदेही पर चर्चा हुई

**जालोर/माउंट आबू**, (कासं)। वैश्विक शांति व सदभाव के अग्रदूत के रूप में मीडिया की भूमिका विषय को लेकर ब्रह्माकुमारी संगठन के ज्ञान सरोवर अकादमी परिसर में संगठन के मीडिया सेवा प्रभाग के बैनर तले चल रहे चार दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के खुले सत्र में मीडिया की नैतिकता, जवाबदेही व स्व-मूल्यांकन पर देश के विभिन्न हिस्सों से आए मीडियाकर्मियों ने अनुभवयुक्त विचार रखे।

उत्तराखंड मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार प्रो. डॉ. गोविंद सिंह ने खुले सत्र को संबोधित करते कहा कि नैतिक मूल्यों के सत्य शब्दों का अर्थह्रास होने से समाज का बहुत बडा हिस्सा प्रभावित हो रहा है। तेजी से बदलती मीडिया तकनीक के साथ स्वमूल्यांकन, नैतिकता, जवाबदेही का संतुलन बनाए रखने के लिए ब्रह्माकुमारी संगङ्गन की ओर से मूल्यों को लेकर गंभीरतापूर्वक दिया जा रहा प्रशिक्षण ही समाज, देश व विश्व को एकता के सूत्र में पिरोने का सामर्थ्य रखता है। ज्ञान सरोवर निदेशिका बीके प्रभा दीदी ने मीडियाकर्मियों को कलम की ताकत का महत्व बताते हुए अध्यात्मिकता को जीवन में अंगीकार कर कर्म क्षेत्र में सत्यनिष्ठा व सेवाभाव बनाए रखने पर बल दिया।

इस मौके पर माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय की वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ.



माउंट आबू के ज्ञान सरोवर में मीडिया सेवा प्रभाग के बैनर तले आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के खुले सत्र में मीडिया की नैतिकता, जवाबदेही व स्व-मूल्यांकन पर चर्चा हुई। फोटो राष्ट्रदूत

ऊर्वशी परमार ने कहा कि नैतिकता हमारे चरित्र व व्यवहार का एक हिस्सा है। जो हमारे वास्तविक संस्कारों में है। बिना किसी पक्षपात व दबाब के सच को सकारात्मक तरीके से प्रकाशित करना ही मीडियाकर्मियों का दायित्व है।

प्रसार भारती डीडी न्यूज संपादक उमानाथ सिंह ने कहा कि मीडियाकर्मी समाज के हर तबके से जुडा होता है जिसे समाज के विभिन्न वर्गो की नैतिकता का संतुलन रखते हुए जवाबदेही तय करनी होती है। मीडिया का बदलता स्वरूप आने वाली पीढी के लिए चुनौतियां भरा है जिसमें नैतिक मूल्यों से सशक्त मीडियाकर्मी ही समाज को सकारात्मक दिशा देने में समर्थ होगा। महाराष्ट्र दैनिक देशोन्मुख के एडिटर राजेश राजोरे ने कहा कि मीडिया के बदलते आयाम को देखते हुए नैतिकता को बनाए रखना किसी चुनौती से कम नहीं है। मीडिया में सत्य, पारदर्शिता आदि सिद्धांतों का समझौता नहीं करना चाहिए।

नोएडा से आए बिजनेस स्टेंडर्ड न्यूज एडिटर आशुतोष ओझा, भोपाल से आई एक न्यूज चैनल की डायरेक्टर व एडिटर शेफाली गुप्ता, प्रभाग के राष्ट्रीय संयोजक बीके सुशांत, ज्ञानामृत पत्रिका की सहायक एडिटर बीके उर्मिला बहन आदि ने भी विचार व्यक्त किए। मुंबई से आई वरिष्ठ राजयोग प्रशिक्षिका बीके शकू बहन ने राजयोग का अभ्यास कराते हुए गहन शान्ति की अनुभूति कराई। प्रभाग की भोपाल क्षेत्रीय संयोजिका बीके डॉ. रीना ने मंच का संचालन किया।

## भारतीय मजदूर संघ प्रदेश कार्यसमिति की बैठक सुमेरपुर में हुई

**पाली**, (नि.सं.)। भारतीय मजदूर संघ राजस्थान प्रदेश की प्रदेश कार्यसमिति बैठक का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम संयोजक महिपाल सिंह ने बताया कि चार मई को श्रमिक कल्याण बोर्ड तथा हमाल बोर्ड गठन के साथ आगामी कार्य विस्तार योजना के विषय पर चर्चा परिचर्चा के साथ प्रारंभ होगी। बैठक का शुभारंभ वर्धमान जैन बोर्डिंग छात्रावास सुमेरपुर में कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं भामस के क्षेत्रीय संगठन मंत्री सी वी राजेश ,भारतीय मजदूर संघ के संपर्क अधिकारी श्याम मनोहर, प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सिंह डाबी, प्रदेश महामंत्री हरिमोहन शर्मा ने मां भारती तथा विश्वकर्मा भगवान और राष्ट्र ऋषि दत्तोपंत जी के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित करके किया।

कार्यक्रम का समापन प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र डाबी के धन्यवाद वृत से सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ आज श्रम जगत का एकमात्र ऐसा संगठन है जो कि वसुधैव कुटुंबकम् के साथ साथ यह कहता है कि राष्ट्र हित में करेंगे काम काम के लेंगे पूरे दाम। ऐसे राष्ट्रवादी श्रमिक संगठन के उद्घाटन में उपस्थित होने का मुझे मौका मिला मै अपने आपको गौरवान्वित महसूस करता हु कि दत्तोपंत जी ने जिस सोच के साथ 1955 में भारतीय मजदूर संघ की स्थापना किए थे वह आज साकार हो रहा है। कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि श्रमिकों को लेकर मौजूदा सरकार की दूरगामी सोच अक्टूबर 2014 में ही स्पष्ट हो गई थी। सत्ता की कमान संभालने के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने श्रमेव जयते योजना की शुरुआत कर दी थी। श्रमिकों को प्राथमिकता देते हुए प्रधानमंत्री ने 16 अक्टूबर 2014 को जब 'श्रमेव जयते' की शुरुआत की, तब श्रमिकों को 'राष्ट्रिनर्माता' की संज्ञा देते हुए कहा था कि जितनी ताकत 'सत्यमेव जयते' की है उतनी ही ताकत राष्ट्र के विकास के लिए 'श्रमेव जयते' की भी है इस लिए यहां उपस्थित आप सभी श्रमिक संगठन के पदाधिकारियों बहुत बहुत आभार जो कि पूरी दुनिया को एक करने का सपना सजोए हुए है

बैठक को संबोधित करते हुए पंचायती एवं ठाामीण विकास मंत्री ओटाराम देवासी जी ने कहा कि भारत सरकार ने सभी लेबर एक्ट को समाप्त करके चार ट्रेड कोड बनाया है जिसमें सभी श्रमिकों को सुरक्षा दिलाने के मकसद से केंद्र सरकार ने 9 श्रम कानूनों को सामाजिक सुरक्षा कोड में जोड़ा है ताकि श्रमिकों के लिए बीमा, पेंशन, ग्रेच्युटी, मातृत्व लाभ आदि का अधिकार सुरक्षित हो सके, इसके जरिए सामाजिक सुरक्षा का व्यापक कानूनी फ्रेमवर्क तैयार करना है ताकि श्रमिकों को पूरी सामाजिक सुरक्षा मिल सके।

भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री ने कैबिनेट मंत्री से मांग करते हुए कहा कि भारतीय मजदूर संघ की यह प्रदेश कार्यसमिति बैठक भगवान विश्वकर्मा जी के जयंती 17 सितंबर को राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के रूप में घोषित करने की मांग की। मांग को स्वीकार करते हुए कैबिनेट मंत्री जोराराम ने आश्वासन दिया कि मुख्यमंत्री से वार्ता करके इस विषय पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगीं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्र संपर्क अधिकारी श्याम मनोहर ने पंच परिवर्तन में भामसं की भूमिका पर प्रकाश डाला।

## जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता 12 को

**जालोर**, (कासं)। जिला स्तरीय अंडर -17 कुश्ती प्रतियोगिता 12 मई को पुरानी सब्जी मंडी स्थित आर्य वीर दल वीरम व्यायामशाला में होगी।

जिला कुश्ती संघ (ओलंपिक पद्धति) के अध्यक्ष महेंद्र मुनोत व सचिव दलपत सिंह आर्य ने बताया कि कुश्ती प्रतियोगिता के फ्री स्टायल मे 45, 48, 51, 55, 60, 65, 71, 80, 92 व 110 किलोग्राम तथा ग्रीको रोमन में 45, 48, 51, 55, 60, 65, 71, 80, 92 व 110 किलोग्राम तथा गर्ल्स वर्ग में 40, 43, 46, 49, 53, 57, 61, 65, 69 व 73 किलोग्राम की कुश्ती होगी। उन्होंने बताया कि उन्देर- 17 आयु वर्ग में जिस पहलवानों का जन्म 2008 से 2009 के बीच हुआ है। तथा मेडिकल ग्राउंड के आधार पर 2010 में जन्मे प्रतिभागी भाग ले सकते हैं।

## निरीक्षण किया

**पाली**, (नि.सं.)। विक्रम सिंह भाटी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश) पाली ने आज जिला कारागृह का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 67 बन्दी जिला कारागृह में निरूद्ध मिले। भाटी द्वारा बन्दीगण से वार्तालाप कर कारागृह में भोजन, चिकित्सीय सुविधा, पेयजल, सफाई व्यवस्था इत्यादि के संबंध में जानकारी ली गई।

कार्यालय नगर परिषद् जैसलमेर (राज). 345001
क्रमांक/भूमि/2024-25/184 दिनांक-01/05/25
-: प्रसारित नोटिस उजरदारी :-
श्री भंवर जेठा पुत्र श्री दीनदयाल जेठा जाति माहेश्वरी निवासी गिरीनार रेजीडेन्सी 1 हन्टर लैन विपेरी चैन्नई तमिलनाडु द्वारा एक आवेदन - पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवासीय मकान संख्या 3226 साईज 16.2X51.8 = 835.23 वर्गफीट वाके जेठा पाड़ा जैसलमेर जो की श्री बद्रीनारायण जेठा पुत्र स्व. श्री गिरधारी लाल जेठा जाति माहेश्वरी निवासी जेठा पाड़ा जैसलमेर से जरिये रजिस्टर्ड बख्सीसनामा से प्राप्त किया गया है। उक्त मकान का नामान्तरण श्री भंवर जेठा पुत्र श्री दीनदयाल जेठा जाति माहेश्वरी निवासी गिरीनार रेजीडेन्सी 1 हन्टर लैन विपेरी चेन्नई तमिलनाडु द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना चाहते है। अतः इस सम्बन्ध मे किसी व्यक्ति/ पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नही होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सूचित रहे

कार्यालय नगर परिषद जालोर (राज.)
क्रमांक - नपजा/भूमि नियमन/2025/912 दिनांक :- 01 /05/2025
::- आपत्ति आंमत्रण सूचना ::-
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् क्षेत्र जालोर के 69 ए के लिए आवेदन प्रस्तुत किया जाकर पट्टे की मांग की गई है। इस संबध में किसी व्यक्ति आदि को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो लिखित प्रार्थना -प्रत्र मय साक्ष्य आपत्ति सूचना पत्र के प्रकाशन होने के 07 दिवस के भीतर-भीतर नगर परिषद् कार्यालय को प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि उपरान्त किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी एंव आवेदको के नाम पट्टा जारी करने की कार्यवाही की जायेगी।

| क्र. सं. | प्रकरण संख्या | आवेदक का नाम/पता | आडौस-पडौस चतुर्थदर्शी | भूखण्ड का क्षैत्रफल (वर्गगज) | प्रयोजन का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 24/2025-26 | श्री लियाकत अली / यासीन खां निवासी तिलक द्वार के अन्दर जालोर | उत्तर- जगदीश जी का मकान दक्षिण- इजराइल अंसारी का मकान पूर्व - यासीन खां पश्चिम - रास्ता 22 फीट | 39.44 | आवासीय |

आयुक्त
नगर परिषद जालोर